**BCM School Basant Avenue Ludhiana**
**Class VIII**
**Subject - Hindi**

**1.**गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-**

आज कुछ छात्र अपने पैरों पर कुल्हाड़ी स्वयं चला रहे हैं।अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने का संबंध उन छात्रों से है, जो अपना समय, अपने माता-पिता का पैसा और ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं।ऐसे छात्र जो समय , धन और मौका तीनों चीज़ों से हाथ धो रहे हैं, जीवन में दुखी होने का प्रबंध कर रहे हैं, क्योंकि इन तीनों चीज़ों का सदुपयोग ही मनुष्य को सुख प्रदान करता है। ऐसे छात्र पढ़ाई को 'हौआ' मान बैठते हैं। जानते हैं, उसका असल कारण क्या है**?** असल कारण है**-**पढ़ाई के प्रति अरुचि पैदा होना और भौतिक वस्तुओं, पदार्थों या किसी प्राणी के प्रति अत्यधिक रुचि पैदा होना। जिस कार्य को आप शौक से, पूरी लगन से, करना आरंभ करते हैं, उसमें आप को छोटी या बड़ी सफलता अवश्य मिलती है। जब सफलता मिलनी आरंभ होती है तो रूचि बढ़ने लगती है। जब हम किसी कार्य को अनमने भाव से करते हैं, तो हमें असफलता का ही सामना करना पड़ता है, जिससे अरुचि उत्पन्न होती है। किसी भी छात्र से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने तन,मन, और बुद्धि को सुदृढ़ बनाए और इसके लिए आवश्यक है कि उसकी अध्ययन और खेल दोनों में ही रुचि हो। लेकिन जिन विद्यार्थियों की अध्ययन और खेल दोनों में ही अरुचि है, वे अपने पैरों पर कुल्हाड़ी ही तो चला रहे हैं।

प्रश्न **1.** ऊपर दिए गए गद्यांश में किस विषय पर चर्चा हो रही है**?**
अ) समय का सदुपयोग
ब) कुल्हाड़ी का सही उपयोग
स) शिक्षा के प्रति अरुचि का कारण
द) खेलों और शिक्षा का महत्त्च

प्रश्न **2.** 'हौआ' का आशय है**-**
अ) पढ़ाई
ब) कुछ डरावनी वस्तु /भाव आदि
स) कौआ
द) हवा

प्रश्न **3.**शिक्षा में असफल होने का कारण है**-**
अ) कार्य को अनमने भाव से करना।
ब) असफल होना
स)पढ़ाई में अरुचि की उत्पत्ति
द) उपरोक्त सभी

प्रश्न **4.**अनुच्छेद के अनुसार विद्यार्थियों से अपेक्षित है**-**

अ) दिन-रात पढ़ाई करना।
ब)खूब अधिक धन कमाना।
स) तन,मन, और बुद्धि की सुदृढ़ता
द) भौतिक वस्तुओं, पदार्थों या किसी प्राणी के प्रति अत्यधिक रुचि

प्रश्न**5** "अपने पैरों मे कुल्हाड़ी मारना" का आशय है**-**
अ) लापरवाही से काम करना।
ब) धन बर्बाद करना।
स) अपना नुकसान स्वयं करना।
द) कुल्हाड़ी चलाना न आना।

**2.**शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए**-**
उल्लास
स्वच्छंद

इत्तेफाक

**3.**दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-**
**1.** दीवानों की हस्ती नामक कविता में दीवानों की किस प्रवृत्ति को उजागर किया गया है**?**

**2.** सविनय अवज्ञा आंदोलन किसके नेतृत्व में और कब हुआ था**?**

**3.** लेखक अपने मामा के यहां क्यों जाना चाहता था**?**

**4.**तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए**-**
कंटक
मूषक
घटिका

**5.**संधि कीजिए**-**
पो **+** अन
यदि **+** अपि
वार्षिक **+** उत्सव

**6.**गिनती का हिंदी रूपांतरण लिखिए**-**
**45-** पैंतालीस
**37-**सैंतीस